दिनांक–29.04.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये आज नाम वापसी का अंतिम दिन। प्रदेष की 9 सीटों पर 7 मई को होगा मतदान।
- मतदान प्रतिषत बढ़ाने के लिये प्रदेष में मतदाता जागरूकता अभियान जारी।
- तीसरे और चौथे चरण के चुनाव के लिये प्रचार चरम पर। कांग्रेस भाजपा सहित अन्य दल कर रहे हैं प्रचार।
- भारत ने 14 साल बाद विष्व तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- धार में लोकसभा चुनाव के लिये पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में जारी ऑपरेशन प्रहार के तहत धार पुलिस द्वारा अंतराज्जयीय अवैध फायर आर्म्स निर्माता व तस्कर गिरोह के 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया।
- बालाघाट जिले की गोंगलई स्थित कृषि उपज मंडी समिति को प्रदेश की पहली डिजिटल मंडी और जिले की पहली ई–मंडी के रूप में चयन किया गया है।
- अनूपपुर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत मलगा गांव स्थित बंधवा तालाब में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस जांच में जुट गई है।
- आईपीएल क्रिकेट में रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरू ने कल गुजरात टाइटंस को 9 विकेट से हराया। वहीं दूसरे मैच में चैन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदाराबाद को 78 रनों से पराजित किया। आज कोलकाता में दिल्ली केपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होगा।

———————————————

चले बूथ की ओर-अभियान

प्रदेश में दो चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के मतदान में मतदान का प्रतिषत पिछले दो सालों से कम रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा 'चलें बूथ की ओर' नामक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

प्रदेश में अभी तीसरे और चौथे चरणों में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। तृतीय चरण के लिए, राज्य के 9 लोकसभा क्षेत्रों के 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर एक मई को चलें बूथ की ओर अभियान चलाया जाएगा। वहीं, चौथे चरण के लिए 7 मई को 8 लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर चले बूथ की ओर अभियान संचालित होगा। इसी तरह चुनाव

आयोग द्वारा “प्रत्येक वोट जरूरी है” विषय पर राज्य स्तरीय नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पांच हजार से लेकर 51 हजार रुपए तक के पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

नामांकन वापसी- प्रदेश

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। आज दोपहर तीन बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद शाम तक इस चरण में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो जाएगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में प्राप्त नाम निर्देशन-पत्रों की 26 अप्रैल को जांच की गई जिनमें 90 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गये। वहीं 11 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन-पत्र अस्वीकृत किये गये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि चौथे चरण में देवास और उज्जैन में 9-9, मंदसौर में 8, रतलाम में 13, धार 8, इंदौर में 23, खरगौन में 6 अभ्यर्थी और खण्डवा में 14 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक ीजजचेरूध्ध्ाािंपिकंअपजणमबपणहवअण्पदध् पर देखी जा सकती हैं। चौथे चरण के लिए सोमवार, 13 मई को मतदान होगा।

मतदाता जागरुकता- प्रदेश

प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण के मतदान लिए जन जागरुकता के कार्यक्रम लगातार जारी है। इंदौर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये निजी क्षेत्र के चिकित्सक और और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी अन्य संस्थाएं भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिये आगे आ रही है। अनेक चिकित्सकों और अन्य संस्थाओं ने मतदान करने वाले मतदाताओं के उपचार/परीक्षण में मतदान दिवस पर 50 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य परीक्षण और पैथोलॉजी जांच पर भी 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। गुना में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। कल आंगनबाड़ी केंद्र जगनपुर चक स्थित मतदान केंद्र पर कैंडल जलाकर मतदान की शपथ एवं दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मुरैना में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जौरा में किया गया।

चुनाव प्रचार- प्रदेश

प्रदेश में अब 17 सीटों पर मतदान होना बाकी रह गया है इसको देखते हुए राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा मुरैना, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान विदिशा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भोपाल, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर एवं केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल गुना, ग्वालियर, भिण्ड व मुरैना लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उत्तरप्रदेश के अमेठी और झारखण्ड के चतरा लोकसभा क्षेत्रों के प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अमेठी के गौरीगंज पहुंचकर केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी करैरा, भीतरवार,बैराड और डबरा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे। उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।